हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का औचक...

12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में दिलाई गई...




# लक्ष्य सिर्फ बाल विवाह रोकना नहीं बल्कि सोच बदलना है: कलेक्टर

**बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियानः गरियाबंद में जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिले में बाल विवाह की पूर्ण रोकथाम को लेकर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर बी.एस. उइके ने की।

कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को रोकने वाली सामाजिक कुरीति है, जिसे समाप्त करने सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने विभागों को जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाने, ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान तेज करने तथा बाल विवाह की सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जिला प्रशासन ने दिए आवश्यक निर्देश

जिला प्रशासन ने सभी प्रतिष्ठानों में "बाल विवाह अपराध है" बैनर/पोस्टर लगाना अनिवार्य किया है। साथ ही विवाह पंजी तैयार करने, और संदिग्ध मामलों में तत्काल सूचना देने हेतु सभी को सचेत किया गया। जिले की 195 ग्राम पंचायतें और 2 नगरीय निकाय बाल विवाह मुक्त घोषित हुए है। कार्यशाला में बताया गया कि जिले की 195 ग्राम पंचायतों और 2 नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त होने का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है, जो सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



**ये रहे उपस्थित** : कार्यशाला में डीएसपी निशा सिन्हा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी, महिला सशक्तिकरण केंद्र, अवा संस्था, चाइल्ड हेल्पलाइन, सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, सीडब्ल्यूसी सदस्य, सरपंच, सीडीपीओ, पर्यवेक्षक, धार्मिक गुरु, सामाजिक संगठन, टेंट–होटल संचालक, सैलून–ब्यूटी पार्लर संचालक, शिक्षा विभाग एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि "लक्ष्य केवल विवाह रोकना नहीं, बल्कि समाज में ऐसी सोच विकसित करना है कि लोग स्वयं इस प्रथा का विरोध करें।" इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थितों को बाल विवाह निषेध की शपथ दिलाई और 'खबरदार' पोस्टर का विमोचन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय ने कहा कि कम उम्र में विवाह और गर्भधारण से एनीमिया, कमजोरी, मानसिक तनाव और मातृ मृत्यु दर बढ़ने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में माता-पिता को परामर्श देने, जागरूकता अभियान चलाने और सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखने पर विशेष जोर दिया जाएगा। अधिनियम का ▶▶|शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित साहू करेंगे विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

**राजिम।** ग्राम कौन्दकेरा में आज गुरूवार को विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में 350 प्रधानमंत्री हितग्राही आवास एवं विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू करेंगी। जानकारी के मुताबिक महिला भवन सह प्रशिक्षण केन्द्र 20 लाख रुपए, साहू समाज टीना शेड, भक्तिन माता मंदिर प्रांगण 15 लाख रूपए, भूमिपूजन गौरव पथ मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ 51 लाख 50 हजार रुपए, उचित मूल्य की दुकान रामनगर, लोकार्पण - उचित मूल्य की दुकान, हाई स्कूल में रंग मंच 3 लाख रूपए व कई कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, सरपंच राधिका-मनोज यादव, सोमप्रकाश साहू, मकसुदन साहू सहित ग्रामवासी मौजूद रहेंगे।



### तर्री की राशन दुकान से 30 बोरी चावल चोरी

**नवापारा-राजिम।** नवापारा थाने के तर्री गांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकान से 30 बोरी चावल चोरी हो जाने की खबर सामने आई है। चोरी के इस वारदात की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गई है। बताया गया है कि इस 30 बोरी चावल की कीमत 35 हजार रूपए है। सेल्समैन ने सबसे पहले पंचायत प्रतिनिधियो को इसकी सूचना दी फिर थाना पहुंचकर रिपोर्ट कराया। अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना स्थल का मुआयना किया है। आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे को देखा जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चोर बहुत जल्द पकड़ में आ जाएगा। तर्री के लोगो ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### भूमि विवाद पर हुई मारपीट, जांच जारी

**अभनपुर।** ग्राम कोलर में कृषि भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट व गाली-गलौज का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार खेत के स्वामित्व को लेकर देवव्रत साहू और उनके चाचा ललित साहू के बीच विवाद पूर्व से न्यायालय रायपुर में विचाराधीन है। घटना 29 अक्टूबर की शाम लगभग 7 बजे की बताई गई है। एक पक्ष का आरोप है कि खेत देखने गए देवव्रत साहू को ललित साहू और अन्य लोगों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी, वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि देवव्रत पक्ष द्वारा लगाए गए बोर्ड को हटाने की कोशिश की गई, जिस पर विवाद हुआ और धमकी दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 333 ग्राम पंचायतें फंड के इंतजार में

# 9 माह से ग्राम पंचायतों को नहीं मिली 15वें वित्त की राशि, सरपंच संघ ने कलेक्टर से की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले की ग्राम पंचायतों में पिछले 9 महीनों से 15वें वित्त आयोग की राशि न मिलने से विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सरपंच संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय पहुँचकर कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मुलाकात कर तत्काल राशि जारी करने की मांग को मजबूरन रखना पड़ा।

सरपंच संघ के कोमल देव ध्रुव अध्यक्ष, सरपंच संघ गरियाबंदपन्ना ध्रुव अध्यक्ष, छुरा हरीश साहू अध्यक्ष, फिंगेश्वर हलमन ध्रुवा अध्यक्ष, मैनपुर नरेन्द्र ध्रुव दशपुर, संतराम ध्रुव कोसमबुड़ा, राधारानी दिवान बारुला, मनीष ध्रुव, रविंद्र ध्रुव, भूपेन्द्र ध्रुव सहित अनेक प्रतिनिधि ने कलेक्टर भगवान सिंह उइके से 15 वें वित्त की रही देने अनुरोध किया है। सरपंचों ने कलेक्टर को बताया कि गांवों में नल-जल, सफाई, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन मरम्मत, नाली, बिजली सुधार जैसी मूलभूत सुविधाएं भी ठप हो चुकी हैं। ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ रहा है और सरपंचों से रोज पूछा जा रहा है गांव में काम क्यों नहीं हो रहा।सरपंच संघ ने स्पष्ट कहा कि राशि बंद होने से पंचायतें चलाना असंभव हो गया है। हम सिर्फ नाममात्र के सरपंच बनकर रह गए हैं।

कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने सरपंचों की बात सुनकर कहा कि 15वें वित्त की राशि शासन स्तर से जारी होती है, और जिले की ओर से पूरा प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। सरपंच संघ ने बताया कि गरियाबंद जिले की 333 ग्राम पंचायतें फंड के इंतजार में है। जिनमें छुरा विकासखंड : 74 ग्राम पंचायत, फिंगेश्वर : 71 ग्राम पंचायत, गरियाबंद : 62 ग्राम पंचायत, मैनपुर : 73 ग्राम पंचायत, देवभोग : 53 ग्राम पंचायत, इन सभी पंचायतों में लगभग 9 महीने से एक भी विकास कार्य आगे नहीं बढ़ा, जिससे जनता और जनप्रतिनिधि दोनों परेशान हैं। फंड नहीं होने से तो विकास कार्य बाधित हो गया है इस तरह से गांवों की रफ्तार थम गई है।

### राशि नहीं मिलने से कई काम अटके

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुए महीनों बीत चुके हैं, लेकिन पंचायतों को अभी तक 15वें वित्त की राशि नहीं मिली है। इसके परिणाम स्वरूप गांव में स्वच्छता अभियान ठप पड़े हुए है। पंचायत भवनों में मरम्मत कार्य रुके है। पेयजल टंकियों की देख-रेख अधर में है। सड़क और नाली निर्माण लटक गए है। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बिगड़ी हुई है। इसके अलावा मजदूरी भुगतान, सामग्री भुगतान अटके हुए हैं।

### ग्रामीण विकास पूरी तरह रुकाः सरपंच

सरपंचों ने बताया कि पंचायत का अपना राजस्व बेहद कम होता है। ज्यादातर कार्य केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाले फंड पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में राशि बंद होने से ग्रामीण विकास पूरी तरह रुक गया है। कई पंचायतों में ग्रामीणों ने शिकायत की है कि 9 माह में कोई काम नहीं हुआ। सरपंचों ने कहा गांव वाले हमें पूछता है काम क्यों नहीं हो रहा और हमारे पास इसका कोई जवाब नहीं। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि फंड न होने से जनता का भरोसा टूट रहा है और वे बिना अधिकार और बिना साधन के केवल कागजी सरपंच बनकर रह गए हैं।

# लापरवाही पर गिरी गाज, दो कर्मचारियों की सेवा समाप्त



**गरियाबंद।** धान खरीदी में लापरवाही पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। धवलपुर समिति के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर ऋषिकांत मोहरे हड़ताल पर चले गए थे और कई अवसर देने के बावजूद कार्य पर नहीं लौटे। शासन के अनिवार्य सेवा कार्य की उपेक्षा को गंभीर मानते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। मुड़गेलमाल समिति के प्रभारी प्रबंधक शिवकुमार सिन्हा पर भी धान खरीदी कार्य में लापरवाही और सेवा नियमों के उल्लंघन का आरोप पाया गया। प्राधिकृत अधिकारी ने उनके विरुद्ध भी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की है। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कांग्रेस मंडल ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कांग्रेस मंडल द्वारा इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। आज छुरा राजमहल प्रांगण में देश की यशस्वी महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, और भारत देश के प्रति उनकी योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के वरिष्ठ पार्षद सलीम मेमन ने कहा कि इंदिरा गांधी आयरन लेडी थी।

इंदिरा गांधी ने अपने अदम्य साहस और इच्छा शक्ति , दूरदर्शिता से न केवल भारत देश को आगे बढ़ाया, बल्कि अपने नेतृत्व से अनेक साहसी निर्णय लिया। उन्हें भारत रत्न से भी नवाजा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान, छुरा मंडल अध्यक्ष महेश्वरी शाह, वरिष्ठ कांग्रेसी मक्खू दीक्षित, रमेश शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, पार्षद हरीश यादव, सलीम मेमन, पंच राम टंडन, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, यामीन खान, दीप्ति यादव, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी सोनी, पूर्व पार्षद अवधेश प्रधान, सेक्टर अध्यक्ष अखिल चौबे, राजू यादव उपस्थित थे।

# सहकारी कर्मचारियों को एस्मा का भय दिखा रही भाजपा सरकारः विधायक

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज मैनपुर देवभोग क्षेत्र के प्रवास के दौरान ग्राम भेजीपदर धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण करने पहुंचे यहां किसानो ने खरीदी में अव्यवस्था से विधायक को अवगत कराया साथ ही विधायक जनक धुरव उरमाल में करोड़ो रूपये के लागत से निर्माण किए जा रहे हायर सेकेण्डरी स्कूल का भी निरीक्षण किया साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

> ■ धान खरीदी के निरीक्षण में पहुंचे विधायक जनक ध्रुव

प्रवास के दौरान विधायक ध्रुव का कई गांव में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया इस दौरान किसानो ने धान खरीदी में परेशानी से अवगत कराई। देवभोग अमलीपदर कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए। विधायक जनक ध्रुव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा धान खरीदी अभी तक क्षेत्र में प्रारंभ नही हुई है खरीदी केन्द्रो में अव्यवस्था देखने को मिल रहा है किसान धान लेकर पहुच रहे है लेकिन खरीदी केन्द्रों में कोई व्यवस्था नही है कहीं आपरेटर की व्यवस्था नही है तो कहीं तौल करने वाला नही है जिसके कारण किसानो को निराश लौटना पड़ रहा है। उन्होने धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। विधायक जनक ने कहा धान खरीदी शुरू होने से पहले ही सोसायटी के कर्मचारी अपने जायज मांगो को लेकर हड़ताल कर रहे है भाजपा सरकार उनकी मांगों को पूरा करने के बजाय अब तानाशाही रवैये पर आ चूकी है हड़ताल पे बैठे कर्मचारियों के मांग सूनने के बजाय उल्टा उन्ही पर एस्मा जैसी बड़ी कार्यवाही कर रही है जो भाजपा सरकार के झुठे वादो का प्रमाण है।



### कर्मचारियों की मांग हो पूरीः ध्रुव

श्री ध्रुव ने कहा धान खरीदी करने वाले कर्मचारियों जो हड़ताल पर है उनकी मांगो को पूरा किया जाय क्योकि भाजपा सत्ता में आने से पहले उनसे वादा किया था जो अब तक पूरा नही हुआ सोसायटी कम्रचारी हड़ताल पर है उनके मांगो को लेकर भाजपा सरकार पिछले खरीफ फसल में लिखित आश्वासन दिया था लेकिन आज तक पूरा नही किया अब उनके मांगो को पूरा करने के बजाय सहकारी सोसायटियों के कर्मचारियों पर एस्मा लगाकर नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है भाजपा सरकार अपनी वादा खिलाफी को छिपाने बर्बता पर उतर आई है।

### ये रहे उपलब्ध

इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ललिता यादव, पुरेन्द्र नायक, नितिश मांझी, शाहिद खान, जगदीश मरकाम, नरेन्द्र ताम्रकर, ईशो राम चक्रधारी, गोपबन्धु यादव, कुले"वर नागेश, दामुधर सोरी व बड़ी संख्या क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय एकता दिवस व 77वें एनसीसी दिवस पर संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन**

# फूलचंद अग्रवाल कॉलेज में हुआ 51 यूनिट रक्तदान 81 सिकलिन परीक्षण में 17 की रिपोर्ट मिली पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूजय ▶▶| नवापारा-राजिम


फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में रक्तदान व सिकलिन परीक्षण के लिए विशेष शिविर का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा, एचडीएफसी बैंक रायपुर व महाविद्यालय के रेड क्रॉस समिति, एन.एस.एस. इकाई व एनसीसी आर्मी नेवल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस व 77वें एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य पर किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में शासी. निकाय के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष रमेश पहाड़िया, डायरेक्टर भावना यश अग्रवाल, डॉ.एस.एन.पाण्डेय, डॉ.धीर वरु, देवेंद्र दुबे, रामअवतार यदु स्वास्थ्य केंद्र नवापारा तथा रेडक्रॉस की टीम की गरिमामयी उपस्थिति में माँ सरस्वती एवं युग पुरूष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शासी निकाय के अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान महादान है तथा रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। डॉ.धीर वरु ने इस विशेष अवसर पर कहा कि हमारे सिर से पैर तक आवश्यक तत्व रक्त के माध्यम से पहुंचता है। रक्त दान महापुण्य का कार्य है। ऐसे में सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय की भूमिका अग्रणी रही है साथ ही ऐसे समस्त संस्थाएं जो रक्तदान शिविर आयोजित करवाती है या रक्तदान हेतु ▶▶|शेष पेज 11 पर





### ये रहे उपस्थित

इस रक्तदान महादान शिविर में डायरेक्टर भावना अग्रवाल, प्राचार्य डॉ.शोभा गावरी, डॉ.शीतेंद्र साहू, डॉ.आर श्रीवास, डॉ.डी.पी.निर्मलकर, सी.एल.वर्मा, डॉ.श्यामा शांडिल्य, तरुण साहू, डॉ.विकास बंजारे सीओटी, एनसीसी आर्मी एवं वैभव शर्मा सहित 51 यूनिट रक्तदान किया गया। इसके अलावा 81 सिकलिन परीक्षण किया गया जिसमें 17 लोगों की जांच पॉजीटिव पाई गई। इस शिविर में उपप्राचार्य डॉ मनोज मिश्रा, शिवकुमार पांडेय, प्रो.जे.एल.गायकवाड़, रविप्रकाश कोठारी, प्रो.लोमश साहू, राहुल साकरकर उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी.आर्मी, व नेवल के कैडेट्स एवं स्वंय सेवकों ने भी रक्तदान कर शिविर में अहम भूमिका निभायी।



**खबर संक्षेप**



## सहकारी महिला समिति की हुई आम सभा

**महासमुंद।** धनश्री बहुउद्देशीय सहकारी महिला समिति की पांचवीं आमसभा ब्लेलॉक स्कूल में रखी गई। लक्ष्मी माता एवं सरस्वती माता की प्रतिमा में पुष्पमाला अर्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अनीता जी रावटे, उपाध्यक्ष अरुणा शुक्ला, संस्थापक प्रीति शर्मा, सती साहू, किरण सिंघल, नंदा रंगारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सम्मान प्राप्त करने वाली प्रेमशीला बघेल को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंटकर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे संघर्ष से वे आगे बढ़े और महिलाओं को भी आगे आने के लिए प्रेरित किया। कुमकुम शुक्ला, पद्मनी साहू एवं चंद्रकला साहू द्वारा मनमोहक गीत एवं भजन प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष अनीता जी रावटे ने अपने उद्बोधन में धनश्री महिला समिति में हुए आय व्यय का विवरण दिया एवं महिलाओं को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि महिलाएं चाहें तो छोटे छोटे व्यवसाय कर घर से ही अपना कार्य प्रारंभ कर सकती है। सती साहू सर्व सम्मति से नई अध्यक्ष चुनी गई। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉली शर्मा एवं आभार प्रदर्शन अरुणा शुक्ला ने किया।

## ढाबा में चोरी, शटर को सब्बल से मोड़कर घुसे चोर

**कुरुद।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों और व्यापारियों में दहशत का माहौल बना दिया है। सोमवार की रात कुरूद बस स्टैंड स्थित देवेंद्र ढाबा में चोरी हुई। अज्ञात चोरों ने शटर को सब्बल से मोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। ढाबा संचालक के अनुसार लगभग 40 हजार रुपये की चोरी हुई है।

# ठंड बढ़ते ही घरों से निकलने लगे गर्म कपड़े, स्टॉल पर पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अचानक बड़ी ठंड ने गर्म कपड़ों की बाजार में डिमांड बढ़ा दिया है। इससे गर्म कपड़ों की दुकानों व सड़क किनारे लगे स्टॉल पर स्वेटर, जैकेट, शॉल आदि खरीदने ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। यहां पर अलग-अलग वैरायटीज और रेंज के गर्म कपड़े हर उम्र वर्ग के लिए उपलब्ध है।

गर्म कपड़ों के विक्रेता टीनू श्रीवास्तव व अन्य दुकानदारों का कहना है कि उनके स्टॉल में बेहतर क्वालिटी की सभी तरह के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं। इनमें बच्चों से लेकर बड़ों तक के गर्म कपड़े हर वैरायटी, डिजाइन, साइज और बजट पर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। हर बार की तरह इस साल भी गर्म कपड़ों में नए पैटर्न और वैरायटी का कलेक्शन किया गया है। अचानक इस बार ठंड बढ़ने के साथ ही जैकेट, स्वेटर, कंबल, रजाई, टोपी, मफलर, दास्ताना सहित अन्य कपड़े की बिक्री शुरू हो गई है। बदलते परिवेश में फैसी कंबलों की मांग बढ़ गई है। शाम ढलने के साथ ही लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे है।

गौरतलब है कि इस वर्ष अगहन माह के तीसरे सप्ताह में ठंड बढ़ने लगी है। सूर्यास्त के बाद तथा अलसुबह ठंडी हवाएं चल रही है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। दिन का अधिकतम तापमान जहां 26 डिग्री सेल्यसियस तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रिकार्ड किया जा रहा है। इसके चलते गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। पहले लोग पारंपरिक रजाई का उपयोग करते थे।

बदलते परिवेश में फैंसी कंबलों की मांग बढ़ गई है। बाजार में पोलो, फलालेन, जयपुरी, कश्मीरी व वेलवेट की कंबलें चार सौ से दो हजार रुपए के भाव में उपलब्ध हैं। इसी तरह देशी व कई कंपनी की रजाइयां उपलब्ध है। पिछले साल की तुलना में इस बार रूई के भाव में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पहले की तुलना में कंबलों की मांग ज्यादा है। हालांकि रजाई की मांग अब भी है।

इसी तरह जैकेट, स्वेटर, दास्ताना, मंकी कैप आदि की बिक्री हो रही है। रेडीमेड गारमेंट्स के संचालकों ने बताया कि ठंड में इस बार युवकों के लिए लेदर व ऊन के जैकेट, स्वेटर, कोट, दास्ताना, टोपी आदि पांच सौ से तीन हजार रुपए में उपलब्ध हैं। इसी तरह महिलाओं व युवतियों के लिए फैसी स्वेटर, जैकेट आदि उपलब्ध है। नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में ठंड बढ़ने के बाद गर्म कपड़ों की पूछ परख शुरू हो गई थी। अब ठंड बढ़ने के साथ ही लोग गर्म कपड़ों की खरीददारी में जुट गए है।

# भूमिपूजन में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम सिरगिड़ी से जामली के लिए बनने वाले सड़क एवं पुल-पुलिया के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधि विधान से पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही आए हुए अन्य अतिथि, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन भी भूमिपूजन में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारी प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में विकास में नए कार्यों की सौगात दे रहे हैं। इसमें हमारा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र भी लगातार विकास के रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी सड़क, पुल पुलिया के निर्माण की स्वीकृति लगातार मिल रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सरल हो रही है। बरसात के दिनों में होने वाले आवागमन में असुविधा से छुटकारा मिल रहा है।

आगे कहा कि विकास कार्यों के इसी क्रम में आज ग्राम जामली से सिरगिड़ी मार्ग के निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ है। इसमें पुल पुलिया सहित करीब 2.850 किमी मार्ग बनेगा, जिसकी लागत करीब 268.28 लाख रुपए है। ऐसे ही महासमुंद विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में सुशासन सरकार बनने के बाद कई निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है। महासमुंद में बीटीआई रोड का सौंदर्यीकरण हो रहा है। वहीं तुमगांव रोड का भी चौड़ीकरण कार्य जारी है।

**यह रहे उपस्थित:** इस दौरान भाजपा नेता रमेश साहू, देवीचंद राठी, प्रशांत श्रीवास्तव, जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर, सरपंच अनेश्वरी चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, आलोक चंद्राकर, शरद राव, लोकेश चंद्राकर, भैरव पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महीनों से नेटवर्क खराब, प्रकाश की पहल पर कलेक्टर ने तुरंत दिए जांच के निर्देश

## अंकोरी सहित कई गांवों में नेटवर्क संकट गहराया, सभापति सिन्हा के ज्ञापन पर प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने ग्रामीणों की गंभीर नेटवर्क समस्या को लेकर जिला कलेक्टर महासमुंद को विस्तृत ज्ञापन सौंपा था, जिसमें कई गांवों में लंबे समय से नेटवर्क पूरी तरह बाधित रहने की बात प्रमुख रूप से उठाई गई थी।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंकोरी, कायतपाली, ठाकुरपाली, पलसापाली (अ), देवरी समेत आसपास के अनेक गांव लगातार कमजोर नेटवर्क से परेशान हैं। कई स्थानों पर नेटवर्क दिनों नहीं, बल्कि महीनों से बंद है, जिससे शासन की योजनाएँ, अस्पताल संबंधी सेवाएँ, ऑनलाइन शिक्षा, बैंकिंग कार्य और राशन वितरण जैसी बुनियादी सुविधाएँ बाधित हो रही हैं। सिन्हा ने कहा कि डिजिटल युग में नेटवर्क के बिना ग्रामीण जीवन ठप हो जाता है। शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाएँ भी सही तरीके से लागू नहीं हो पा रही हैं। यह समस्या अब जनजीवन को प्रभावित करने लगी है, इसलिए इसका समाधान आवश्यक है। सभापति सिन्हा ने जिला प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि यह ग्रामीणों के हित में बहुत महत्वपूर्ण कदम है, और उम्मीद है कि जल्द ही परिणाम दिखाई देंगे।

### कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई, संबंधित विभाग को दिए जांच के निर्देश

ज्ञापन मिलते ही जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए बिना देरी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों को तत्काल जांच एवं तकनीकी कार्यवाही के निर्देश जारी कर दिए। कलेक्टर ने विभाग को स्पष्ट कहा है कि सभी प्रभावित गाँवों की मैदानी जाँच कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट दें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

### ग्रामीणों में उम्मीद की नई किरण

सिन्हा द्वारा उठाए गए इस मुद्दे और कलेक्टर की त्वरित प्रतिक्रिया से ग्रामीणों में राहत की उम्मीद बढ़ी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि नेटवर्क समस्या का समाधान हो जाता है, तो शासकीय योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बैंकिंग सेवाओं में तेजी आएगी।





## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का हुआ दिवाली मिलन

**महासमुंद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक महासमुंद का दीपावली मिलन का कार्यकम ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर भलेसर रोड, में हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जार्ज सवटे तथा संरक्षक पारस चोपड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने शाला संचालन में शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारी बार-बार मांगे जाने तथा ऑनलाइन जानकारी भेजने के बावजूद हार्ड कापी जमा करने के आदेश पर चर्चा की गई। शासन से मांग की गई कि जब जानकारी ऑनलाइन किया जा चुका है तो हार्ड कापी जमा करने की आवश्यकता न पड़े। अनिवार्य शिक्षा की बकाया राशि तत्काल भुगतान की शासन से मांग की। अंत में संरक्षक पारस चोपड़ा, जिला अध्यक्ष डॉ जार्ज रावटे, ब्लाक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले, जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आरके तिवारी सभी वक्ताओं ने दीपावली सभी सदस्यों को बधाई दी तथा संस्थाओं में कार्यरत सभी कर्मचारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भूपेंद्र राठौर, महेंद्र जैन, प्राचार्य देवांगन, शरद जैन, संजय वासनिक, श्री राव, दुशन साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। कार्यकम का प्रारंभ सरस्वती माता के चित्र पर मालार्पण से किया गया। उपस्थित सदस्यों का स्वागत संस्था प्रभारी अंजली सिन्हा द्वारा कुमकुम लगाकर किया गया। उक्त जानकारी ब्लाक अध्यक्ष माधव राय टांकसाले ने दी।

# छात्रों व शिक्षकों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ



**पिथौरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नशा उन्मूलन का संकल्प लिया। इस अवसर आर संकुल प्राचार्य नंद कुमार चौधरी ने नशा तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज सभी के लिए घातक है, इसलिए इनसे हमें बचकर रहना चाहिए। जागरूकता और आत्मनियंत्रण से नशा से बचा जा सकता है। संस्था के अन्य व्याख्याताओं ने भी नशा के नुकसान बताते हुए नशा से कोसों दूर रहने का विद्यार्थियों से आह्वान किया। उद्बोधन पश्चात चौधरी ने बच्चों को सामूहिक रूप से नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई। जिसमें विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे तंबाखू, शराब और अन्य किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों से दूर रहेंगे एवं अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दरमियान नंद कुमार चौधरी, रमेश प्रजापति, पुष्पा पटेल, महेश पटेल, गायत्री सिन्हा, अनिता नायक, अमिता शुक्ला, दया राम पटेल, कृष्ण कुमार ठाकुर, नरेश बरिहा, सुलोचना पटेल, गिरजा साहू, उमाशंकर नायक, पवन पटेल, प्रेमलता पटेल, धरम वीर यादव व नीता जगत सहित काफी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसान हित में सारे समिति अध्यक्षों को इस्तीफा दे देना चाहिए : अंकित

## किसानों को बेचे धान का फिर से कटवाना होगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने

- **यदि किसानों को टोकन कटा है तो धान भी खरीदा जाए ये जवाबदारी शासन की है**

कहा है कि इतिहास गवाह है कि जब जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है, किसान हमेशा परेशान हुआ है। पहले धान खरीदी 1 नवंबर से होती थी, अब हुई 15 से और आज 19 तारीख होने के बाद भी 180 से ज्यादा उपार्जन केंद्र जहां 150 से ज्यादा उपार्जन केंद्रों में सोमवार तक खरीदी शुरू नहीं हो पाएगी।

अंकित ने बताया कि भाजपा में कई किसान हितैषी स्वयंभू नेता नदारद हैं। उन्होनें प्राधिकृत अध्यक्षों से कहा है कि किसान हित में यदि खरीदी नहीं हो पा रही है, और विभिन्न अव्यवस्थाएं जिसमें आईडी जनरेट नहीं होना, बार दाने नहीं होना, कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं होना, हमाल नहीं होना, मॉइश्चर मशीन नहीं होना, सुतली, सिलाई वाला नहीं होना जैसी मूलभूत



समस्याएं हैं तो इसे प्रशासन को अवगत करवाए और यदि ईमानदारी से किसान हितैषी हैं और उनकी मदद नहीं कर पा रहे तो किसान हित में तत्काल इस्तीफा भी दे देना चाहिए। क्योंकि, किसान सभी प्राधिकृत अध्यक्षों की लाचारी वाले अभिनय को समझ रहे हैं, क्योंकि अगर आप अक्षम हो तो पद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अंकित ने बताया कि असल सच्चाई ये है कि जिन 25 से 30 सोसायटी में धान खरीदी हुई है, वहां आज दिनांक तक ऑनलाइन एंट्री नहीं हुई है याने किसान को भुगतान नहीं मिलेगा और जिस दिन एंट्री होगी उस दिन उस किसान का टोकन फिर से काटना पड़ेगा। याने आगे किसान भाइयों को और संघर्ष करना पड़ेगा।

अंकित ने कहा कि ये शासन प्रशासन की नैतिक जवाबदारी है कि अगर उसने टोकन काटा है तो धान खरीदा जाए, किसान का धान समिति में आकर वापस जा रहा है वो बिल्कुल अनुचित है और किसानों के साथ अन्याय है। साथ ही छोटे किसानों पर जबरन का अतिरिक्त आर्थिक बोझ साय सरकार लाद रही है। अगर ये व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो शीघ्र ही किसानों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने बाध्य होना पड़ेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा तालाब के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया।

पुलिस को प्रार्थी दिनेश कुमार दुबे ने बताया उसके ससुर राजेंद्र प्रसाद शर्मा निवासी इमलीभाठा महासमुंद की ग्राम नांदगांव में किराना दुकान है, जिसका वह स्वयं संचालन करते हैं। 12 नवंबर को रोज की तरह दुकान बंद करके सामान खरीदने के लिये अपने वाहन टीवीएस मोपेड क्रमांक सीजी 06 जीजी 5941 से महासमुंद आ रहे थे, जो शाम करीबन 6.30 बजे के करीब नेशनल हाईवे 353 ग्राम बेलसोंडा तालाब तावरी पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर महासमुंद से रायपुर रोड की ओर जा रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी गति एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके ससुर राजेंद्र प्रसाद शर्मा के कमर, दाहिना पैर के अंगूठे के पास चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## व्रत के साथ घरों में हो रही लक्ष्मी की पूजा अर्चना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में मार्ग शीर्ष मास की शुरुआत कार्तिक पूर्णिमा के बाद से हुई हैं। अंचल में इसे अगहन बृस्पति के दिन से जाना जाता है। महिलाएं पांचों गुरुवार के पहले दिन से घर व आंगन सजाकर, विधिविधान से लक्ष्मी विष्णु की पूजा कर दीपदान कर रही हैं। मंदिरों और घरों में अक्षत, हल्दी, फूल से पूजा कर ,मार्गशीर्ष मास पर सभी पांच गुरुवार को लक्ष्मी और विष्णु की पूजा मंदिरों और घरों में की जा रही है। अगहन में लक्ष्मी जी पृथ्वी पर घर-घर विराजित हुई थी। विवाहित महिलाएं बुधवार की शाम को घरों को साफ कर, चावल के लेप से रंगोली बना कर, मां लक्ष्मी के आगमन का इंतजार करती है। गुरुवार की सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में सूर्य उदय से पहले आंवला फल, पंचमेवा, खीर पूड़ी का भोग लगती है। इसके बाद शाम को विसर्जन कर व्रत खोलती है और शाम को मोहल्ले में चना दाल, खीर पूड़ी का प्रसाद वितरित करती है। राम मंदिर आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि धर्मशास्त्रों में मार्गशीर्ष के महीने का संबंध ज्योतिष के 27 नक्षत्रों में से एक मृगशिरा नक्षत्र से है इसमें भगवान श्री कृष्ण की पूजा उनके सभी स्वरूपों में की जाती है। इसमें घरों और मंदिरों में शंख की पूजा की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार शंख की उतपत्ति सागर मंथन से हुई है और शंख को देवी लक्ष्मी का भाई माना जाता है, इसकी पूजा करना सुख समृद्धि का प्रतीक है।

# किसानों को धान बेचने से वंचित करने तरह-तरह हथकंडे अपना रही सरकार : अमर

**महासमुंद।** जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि धान खरीदी को बाधित करने के लिए सरकार द्वारा तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न किया जा रहा है। अमर ने बताया कि आज दिनांक बेलटुकरी व अछोली सहित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के अधिकांश सोसाइटियों में धान खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। किसान सुबह से धान लेकर सोसायटी पहुँचे थे। लेकिन, उन्हें गेट के अंदर एंट्री तक नहीं दिया गया। सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हो पाने के कारण टोकन भी नहीं कटा था। आपरेटरों को बिना प्रशिक्षित किए ही सोसायटियों में बैठा दिया गया है। साथ ही नया नियम किसानों पर लाद दिया गया है जिसके तहत टोकन कटने पर एक कोड जारी होगा, जिसे स्केन करने के बाद एंट्री पास दिया जाएगा। ऐसे में किसान पूरी तरह हतोत्साहित हो जाएंगे। समितियों में बारदाने, रस्सी, सुतली की व्यवस्था भी नहीं कराई गई है। कुछ सोसायटियों में बारदाने हैं भी तो उन बारदानों की मार्किंग भी नहीं होने के कारण किसानों को उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। अमर ने बताया कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय 8 नए खरीदी केंद्र जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में खोले गए थे। इनमें से किसी में अब तक खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई है। सरकार इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न कर इन खरीदी केंद्रों को बंद करना चाहती है। अमर ने विज्ञप्ति में बताया कि उन्होंने बेलटुकरी व अछोली धान खरीदी केंद्र जाकर किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि धान लेकर



खड़े हैं, लेकिन कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं होने तथा रजिस्टर में उनका भी दर्ज नहीं किया गया है। 15 नवंबर को शुरू होने वाली धान खरीदी आज दिनांक तक शुरू नहीं हो पाई है। सोसायटी कर्मचारियों के हड़ताल के कारण अप्रशिक्षित व अनुभवहीन लोगों को काम पर लगाया गया है, जिससे सभी सोसायटियों की व्यवस्था चौपट हो गई है। यही हाल रहा तो किसान किसी भी हाल में अपना धान नहीं बेच पाएंगे। पूर्व के वर्षों में जिस सरकार के आधी-अधूरी तैयारी के कारण हजारों किसान धान बेचने से वंचित हुए थे, उसी प्रकार की स्थिति इस बार भी निर्मित होने वाली है। सरकार तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर किसानों को परेशान धान बेचने से वंचित करने का षड़यंत्र रच रही है।

# सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के लिए 20 ग्राम पंचायतों का चयन

## चयनित ग्राम पंचायतो में रासेयो स्वयंसेवक बाल अधिकार पर लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रासेयो जिला संगठक कार्यालय शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के अंतर्गत अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो ने बैठक आयोजित किया गया।

डॉ मालती तिवारी द्वारा महासमुंद ब्लॉक में विगत वर्षों में किए गए सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि इस सत्र में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए महासमुंद ब्लॉक के 6 रासेयो महाविद्यालय इकाई द्वारा 20 ग्राम पंचायतों में बाल अधिकार, संरक्षण, शिक्षा पर जागरुकता अभियान 21, 22 एवं 24 नवंबर 2025 को चलाया जाएगा। इस अभियान में स्वयं सेवक नुक्कड़ नाटक, जनजागरुकता रैली, नारा लेखन के माध्यम से



लोगों को एवं स्कूल व आंगनबाड़ी में जाकर बच्चों को जागरूक करेंगे। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में भलेसर, कनेकेरा, मोंगरा, शेर में जागरूकता अभियान चलाएंगे। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के डॉ सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवक ग्राम पंचायत मचेवा, भुरका, बरोंडा बाजार, लफ़निकला में जागरुकता कार्य करेंगे। शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के गायत्री चंद्राकर कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवक ग्राम पंचायत खैरा, लभराखुर्द, कोसरंगी, झाल खम्हरिया में जागरूक करेंगे, इसी प्रकार श्याम बालाजी बीएड महाविद्यालय के निर्मल बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में बेमचा, कौन्दकेरा, मुस्की, परसदा में जागरुकता कार्य करेंगे, इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चुम्मन लाल निषाद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बेलसोंडा, साराडीह, खरोरा एवं नांदगांव में बाल अधिकार पर जागरूकता कार्य करेंगे। इस प्रकार से कुल 20 ग्राम पंचायतों में स्वयंसेवकों द्वारा टीकाकरण, लैंगिक उत्पीड़न, पोषक आहार, स्वच्छता, नशामुक्ति, बाल अपराध, सामाजिक व्यवहार आदि विषयों पर नुक्कड़ नाटक, रैली, नारा लेखन से जागरूकता अभियान चलाएंगे। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी सर्वे, सरपंच से सर्वे कर ग्राम पंचायत की जानकारी भी प्राप्त करेंगे। इस प्रकार से सभी उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, डॉ सरस्वती वर्मा, निर्मल बंजारे, चम्पेश्वर साहू बैठक में उपस्थित रहे। सभी उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार राजा ने किया।

## खबर संक्षेप

### झलप में पिता से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम झलप में पिता के साथ मारपीट करने के आरोप में बेटे के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पटेवा पुलिस को प्रार्थी राम कुमार देवांगन ने बताया कि 13 नवंबर की रात्रि करीबन 07.30 बजे व अपने घर में था, उसी समय उसका बेटे बेटे ने गाली गलौच कर डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से कमर में चोट आई है। मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### भीखापाली से बाइक पार

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम भीखापाली में घर के सामने खड़ी बाइक अज्ञात ने पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। ग्राम भीखापाली निवासी विनय कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि 6 नवंबर की शाम वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जी क्यू को घर के सामने बसना-बिलाईगढ़ मुख्य मार्ग में खड़ी की थी। हैंडल लॉक कर सो गया था। दूसरे दिन सुबह भाई मनोज कुमार पटेल ने देखा वहां बाइक नहीं थी।

## पेज 9 के शेष

### लक्ष्य सिर्फ बाल...

उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। कार्यशाला में बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष बालक की आयु 21 वर्ष से कम होने पर विवाह कराना गंभीर अपराध है। उल्लंघन की स्थिति में 2 वर्ष तक की कठोर कारावास, 1 लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

### फूलचंद अग्रवाल ...

जागरूकता फैलाने का काम कर रही है वह सराहनीय है। रक्तदान शिविर संयोजक डॉ. आर के रजक ने कहा कि जीते जी रक्तदान व मृत्यु उपरांत नेत्रदान अवश्य करना चाहिए इस जागरूकता की आवश्यकता है।

### गरियाबंद, पोंड़ व पांडुका केन्द्रों में व्यवस्थाओं की ली जानकारी

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी का जायजा लेने बुधवार को कलेक्टर बी.एस. उइके ने गरियाबंद, पोंड़ और पांडुका धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि किसानों की तौल, भुगतान और सुविधाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र से धान का नमी स्तर जांचा, भरी हुई बोरियों का वजन दोबारा कराया और खरीदी प्रक्रिया को अपने सामने परखा। उन्होंने समिति कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान की तौल, भराई और स्टैकिंग पूरी पारदर्शिता से होनी चाहिए। कलेक्टर ने किसानों से बातचीत कर खरीदी से जुड़ी व्यवस्थाओं और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को भी साफ-सफाई और सुखाकर धान लाने की अपील की, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रहे।

कलेक्टर ने धान आवक रजिस्टर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, आर्द्रतामापी यंत्र, पुराने–नए बारदाने, छाया-पानी सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन खरीदी के बाद स्टैकिंग और स्टॉक वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, डीएमओ किशोर चंद्रा, सहायक आयुक्त सहकारिता महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले में अब तक पंजीकृत किसानों से 46 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है।



## बिनौरी व पोलकर्रा में हुआ धान खरीदी का शुभारंभ

**फिंगेश्वर।** प्राथमिक कृषि साख सह समिति पं क्र. 808 भसेरा के धान उपार्जन केंद्र बिनौरी भांटा एवं नवीन उपार्जन केंद्र पोलकर्रा में धान खरीदी का शुभारंभ ईश्वर लाल साहू भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद के उपाध्यक्ष एवं प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर तराजू बांट की पूजा अर्चना कर किसानों का धान तौला गया एवं उपस्थित किसानों को मिष्ठान खिलाया गया।इस अवसर पर नारायण साहू, घनश्याम साहू, रमेश साहू, हेमंत साहू, मानसिंह साहू, दीपक धुरव, छविराम धुरव, पुरुषोत्तम तिवारी, रमेश साहू, सोमन धुरव, घनश्याम साहू, महेश साहू, रमेश साहू, नागेश्वर साहू, मुकेश साहू, संतराम साहू समिति प्रबंधक सतीश वर्मा, युगल किशोर साहू धान खरीदी प्रभारी समिति के समस्त हेमाल एवं किसान भाई अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे।



## एग्री स्टेक पंजीयन से लगभग 3 हजार किसान छूट, सर्वर में गड़बड़ी से आ रही समस्या

**छुरा।** शासन द्वारा विभिन्न समितियां के माध्यम से धान खरीदी प्रारंभ की गई है, विकासखंड में लगभग 17 धान उपार्जन केंद्र है जो जिला सहकारी बैंक खंडमा एवं जिला सहकारी बैंक छुरा के अंतर्गत कार्यरत है ,धान खरीदी के लिए शासन द्वारा एग्री स्टेक पोर्टल लॉन्च किया गया जिसमें किसानों को पंजीयन कराया जाना आवश्यक है जिसके पंजीयत के पश्चात किसान को धान बेचने की पात्रता होगी, किंतु अब तक लगभग दोनों बैंकों में 3000 किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है और यह किसान अपने पंजीयन करने और धान बेचने के लिए भटक रहे हैं। ग्राम लोहझर के किसान राजेश यादव ने बताया कि उनका एग्री टेक में पंजीयन हो गया है समिति में जाकर उन्होंने अंगूठा लगाया एवं पावती ली है किंतु अब धान बेचने का समय आया तब उनका एग्री स्टेक में पंजीयन नहीं दिख रहा है, जिससे पूरे किसान धान बेचने के लिए काफी परेशान है, इसी तरह के कई पंजीयन होने के पश्चात एग्री स्टेक में शो नहीं होने के कारण किसान अपना पंजीयन कंफर्म करने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं, जिला सहकारी बैंक छुरा के अंतर्गत लगभग 8 समिति कार्यरत है जिसमें लगभग नौ उपार्जन केंद्र है जिसके अंतर्गत लगभग 2572 किसान का एग्री स्टेक में पंजीयन नहीं हो पाया इसके लिए शासन ने समय सीमा तय किया गया था किंतु समिति में ऑपरेटर द्वारा 1 नवंबर से हड़ताल में जाने की वजह से बहुत किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया।

### पंजीयन की प्रक्रिया है चालू: तहसीलदार

इस संबंध में तहसीलदार गेंद लाल साहू ने बताया कि एग्री स्टेक पंजीयन में सर्वर की समस्या है किंतु बढ़ी तिथि तक पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ है साथ ही साथ जिनका पंजीयन हो गया है उन्हें एग्री स्टेक नहीं दिखाई जाने पर कंप्यूटर में ऑप्शन दिया गया है जिसे लोगिन करने के पश्चात दिखाया जाएगा, कंप्यूटर ऑपरेटर की हड़ताल होने की वजह से नए ऑपरेटर के संचालन होने की वजह से कुछ तकनीकी दिक्कतें आ रही है जिनमें निराकरण कर लिया जाएगा ।

## पिलवापाली पंचायत में टैंकर से पानी सप्लाई, लाखों खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत पिथौरा के पिलवापाली पंचायत में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह टैंकरों के भरोसे की जा रही है। बड़ी बात यह है कि न तो फिल्टर पानी उपलब्ध है, न ही मिनरल वाटर की व्यवस्था, बावजूद इसके पंचायत द्वारा लाखों रुपये खर्च कर ग्रामीणों को सिर्फ सामान्य टैंकर का पानी पिलाया गया। पंचायत में 31 हजार रुपये की बूंदी ग्रामीणों में बंटाई गई, वहीं टैंकरों से पानी की सप्लाई पर भारी खर्च सामने आया है। बिल रिकॉर्ड के अनुसार 12 जुलाई, 2025 को जारी बिल में कुल 127 टैंकर पानी लेने की जानकारी दर्ज है। प्रति टैंकर 1400 रुपए की दर से कुल 1,77,800 रुपए की राशि खर्च की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े खर्च के बाद भी उन्हें सिर्फ साधारण पानी मिला, जबकि सरकारी योजनाओं के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना पंचायत की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं कि जब लाखों रुपये पानी पर खर्च किए जा रहे हैं, तो फिल्टर या मिनरल वाटर की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई? हमारे संवाददाता से बात करते हुए सरपंच ने स्वीकार किया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मृत

**महासमुंद।** ग्राम पौंसरा में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर मंगलवार सुबह ट्रक चालक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, बसना थाना क्षेत्र में हुई घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ट्रक चालक के खिलाफ धारा 184,106(1)) तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शुभम कंवर ने थाने में शिकायत की है कि बालसी सरायपाली में स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ वार्ड 4 बाँधपारा नरसिंहपुर जगदीशपुर निवासी उनके पिता दीपक कंवर पिता लिस्मोन कंवर (57) मंगलवार को बाइक क्रमांक सीजी 22 ए जी 6438 से जगदीशपुर से सरायपाली जा रहा था। लगभग 11:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में ग्राम पौसरा होटल के पास पीछे से ट्रक क्रमांक एच आर 73 बी 2352 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनके पिता की मौके पर ही मौत हो गई।


## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में केंद्रों पर तीसरी आंख अनिवार्य, पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पहल, लाइव ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग भी होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में पारदर्शिता और सख्त निगरानी सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्रों के लिए एक व्यापक सीसीटीवी पॉलिसी जारी की है, जिसका पालन जिले के सभी सीबीएसई स्कूलों को भी सख्ती से करना होगा। इस निर्देश के तहत, जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर अब लाइव ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। सीबीएसई के निर्देशों के अनुसार, जिले में 17 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। इस परिक्षा में जिले के हजारों छात्र शामिल होंगे। बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि सीसीटीवी सुविधा से लैस नहीं होने वाले किसी भी स्कूल को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। स्थानीय स्कूल प्रबंधन को बोर्ड को अपनी सहमति देनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके परिसर में बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सीसीटीवी प्रणाली स्थापित है। यह निर्देश जिले के उन सभी सीबीएसई स्कूलों पर तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए केंद्र बनने की इच्छा रखते हैं। सीबीएसई ने एक मानवीय पहलू पर भी जोर दिया है। बोर्ड ने कहा है कि स्कूलों को बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले छात्रों को सीसीटीवी कैमरों की उपस्थिति के बारे में सूचित करना अनिवार्य होगा। स्कूलों को हैंडबुक, नोटिस बोर्ड, वाफिक्स, टेक्स्ट या ओरिएंटेशन कार्यक्रमों के माध्यम से स्पष्ट रूप से यह जानकारी देनी होगी कि वे सीसीटीवी की सख्त निगरानी में हैं।



## खबर संक्षेप



### ठंड के सर्द अर्ध रात में चन्द्रमा का मनमोहक तस्वीर

**मैनपुर।** मैनपुर वनाचंल क्षेत्र में इन दिनो कड़ाके की ठंड पड़ रही है इस सर्द अर्ध रात में चन्द्रमा का यह मनोरम दृष्य।

### भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मिलन समारोह 22 को

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसिवनी (छुरा) में दिन शनिवार को स्कूल प्रांगण में पुरानी यादें मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसिवनी के सभी भूतपूर्व छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्मान किया जायेगा।

### भाजपा ने मुख्यमंत्री की हाफ बिजली बिल योजना का किया स्वागत

**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर महामंत्री दिनेश सचदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बिजली बिल हाफ योजना के



दृष्टिगत की गई घोषणा का स्वागत कर इसके लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है विदित रहे, मंगलवार को विधानसभा के पुराने भवन में आहूत विशेष समापन सत्र में मुख्यमंत्री श्री साय से हाफ बिजली बिल को लेकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा में यह घोषणा की भाजपा महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा कि 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल की घोषणा से 45 लाख से ज्यादा परिवार इससे लाभान्वित होंगे, छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ी राहत दी है, नई योजना के लागू होने पर अब 200 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को सीधे आधा बिल देना होगा। महामंत्री सचदेव ने हाफ बिजली बिल का दायरा बढ़ाए जाने की इस घोषणा को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय व उनकी का सरकार के संवेदनशील दृष्टिकोण प्रमाण निरुपित किया और कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता जनार्दन के सभी प्रकार के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है श्री साय की इस घोषणा से प्रदेश के सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस को प्रार्थी छगन सेन निवासी छगन सेन वार्ड नंबर 07 ने बताया कि 18 नवंबर को काम से आने के बाद रात्रि करीबन 10:40 बजे शिव चौक पर बैठा था। तभी नयापारा महासमुंद का समीर खान आया और गाली गलौज करने लगा, जिसे मना किया तब उसने करण रामटेके व अन्य को बुलाकर उसके साथ मारपीट कर किसी ठोस वस्तु से बांये पैर में मारकर चोट पहुंचाया।

## विधायक रोहित साहू खेतो में उतरे बीड़ा बांधने...





**राजिम।** विधायक रोहित साहू बुधवार को सुबह अपने गृहग्राम पीपरछेड़ी पहुंचकर अपने खेत में किसान,मजदूरो के साथ धान कटाई के बाद करपा (बीड़ा) भी बांधने लगे और खेत में ही बैठकर किसान,मजदूरो के साथ रोटी बासी का आनंद लिया। इस दौरान वे खेती किसानी को लेकर चर्चा भी किए।

## छात्रों को शोषण, हिंसा और तस्करी की जानकारी दी गई



**फिंगेश्वर।** फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय के बैनर तले,ग्राम सिर्रीकला विकासखंड फिंगेश्वर में सतत विकास के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के आज चौथे दिन विशेष बौद्धिक सत्र में फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम चंद गावड़े के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार,शोषण,तस्करी और अन्य सभी प्रकार की हिंसा और अत्याचार को समाप्त करने नए आयामों पर कानूनी बात रखी,बच्चों को यौन शोषण,यौन उत्पीड़न और अश्लीलता से बचाने पास्को एक्ट पर चर्चा किया,जो कि सतत विकास लक्ष्य 16.2 एवं 16.3 में निहित है।

साइबर क्राइम के नए चुनौतियों को युवाओं के सामने बारीकी से रखा,साइबर अपराध भी कई प्रकार



के है जैसे कि स्पैम ईमेल, हैकिंग, फिशिंग, वायरस को डालना, किसी की जानकारी को ऑनलाइन प्राप्त करना या किसी पर हर वक्त नजर रखना है,जो कि सतत विकास लक्ष्य 16.4 में निहित है। इस अवसर पर उन्होंने परियोजनाओं, अनुभवात्मक शिक्षा और सामुदायिक कार्यों में भाग लेंने आज अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर सभी युवाओं को प्रोत्साहित किया। बौद्धिक सत्र के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में नशा मुक्त भारत अभियान की 5 वीं वर्षगांठ पर 18 नवंबर को जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जनों को नशामुक्त भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, डॉ राहूल नेताम, ग्रामीण चिकित्सा डॉ प्रज्ञेश देवांगन, बिग्रेद्र ठाकुर, कमलेश चक्रधारी, डेमन साहू, ललिता नागेश, लक्ष्मी लहरी आदि उपस्थित थे। इस दौरान डॉ राहुल नेताम ने कहा कि सामूहिक संकल्प, समाज के निरंतर प्रयास और प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से ही एक नशा मुक्त भारत बनाया जा सकता है।

- युवाओं की भागीदारी को बताया अभियान की सफलता की कुंजी



इसी कड़ी में सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन सिर्फ व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गहरा और नकारात्मक प्रभाव डालता है। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने बताया कि किसी भी नशीले पदार्थ पर बढ़ती निर्भरता व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कमजोर बना देती है। डॉ प्रज्ञेश देवांगन ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान वर्तमान में देश के सभी जिलों में सक्रिय हैं। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। इस कड़ी में बिग्रेद्र ठाकुर ने कहा स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज में नशामुक्ति के लिए दूसरो को भी प्रेरित करेंगे, जिससे एक स्वस्थ, सुरक्षित और उन्नत समाज का निर्माण हो सके।

#### नशामुक्ति की दिलाई गई शपथ

अस्पताल परिसर में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और अस्पताल के सभी स्टाफ द्वारा मंगलवार को नशामुक्ति को ले शपथ ली गई। यह शपथ में बताया गया कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा है तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्ति भारत में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि, स्वयं को भी नशा मुक्ति कराएंगे। क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से ही होनी चाहिए। इस दौरान डगेश्वर सोरी, ज्योति भार्गव,हेमबाई कंवर, फागलाल खूंटे, कृष्णा सिन्हा, धनंजय यादव,पूनम ओटी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## राजिम राजमिस्त्री मजदूर कल्याण संघ के अध्यक्ष बने बलराम यादव



**राजिम।** राजमिस्त्री मजदूर कल्याण संघ राजिम के बलराम यादव अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष धनेश तारक,नंदू साहू,सचिव राजेंद्र साहू,सहसचिव ऋषि साहू, कोषाध्यक्ष डीहूराम निषाद, उपकोषाध्यक्ष महेश देवांगन बनाए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी विधायक रोहित साहू से मुलाकात किया। विधायक रोहित साहू ने सभी पदाधिकारियो को अपनी शुभकामनाएं दी।

## पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट के विद्यार्थियों ने किया सिरपुर का शैक्षणिक भ्रमण



**नवापारा-राजिम।** पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक नगरी सिरपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में प्राचार्य फाखरा खानम दानी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सौरभ जैन, समिति के सदस्य सोन सर ,प्रदीप मिश्रा ,वरिष्ट समाजसेवी अशोक गंगवाल उपस्थित रहे।

वहीं शिक्षकगण भोमेश देवांगन, चंद्रकांत धनकर, डॉली साहू ,रेणुका यादव ने विद्यार्थियों को पूरे भ्रमण में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस भ्रमण में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के छात्र शामिल रहे। सिरपुर, महानदी के तट पर बसा एक प्राचीन और समृद्ध पुरातात्विक स्थल है, जिसे कभी श्रीपुर के नाम से जाना जाता था। यहाँ 6वीं से 9वीं शताब्दी तक के हिंदू, बौद्ध और जैन कला के अदभुत नमूने मिलते हैं। विद्यार्थियों ने सिरपुर संग्रहालय और अन्य ऐतिहासिक संरचनाओं का निकट से अध्ययन किया।

- ऐतिहासिक धरोहरों का किया अध्ययन, संग्रहालय में मिला समृद्ध अनुभव

**भ्रमण के दौरान देखे गए प्रमुख प्राचीन अवशेष :** 7वीं शताब्दी की युद्ध दृश्य , त्रिविक्रम की मूर्ति ,रावणुग्रह मूर्ति, नटराज, अम्बिका, खण्डित जैन तीर्थंकर, बौद्ध प्रतिमा, तथा 8वीं शताब्दी की, खण्डित सूर्य मूर्ति, फलक पर शिव-पार्वती व गणों का अंकन, भारवाहक, हारीती, सूर्य मूर्ति खंडित, देवी मस्तक, स्तंभ शीर्ष हाथी, नारी मूर्ति, मस्तक रहित नारी मूर्ति परिचर सहित इस भ्रमण ने छात्रों को पुस्तक ज्ञान से परे जाकर वास्तविक ऐतिहासिक धरोहरों को समझने का अवसर दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि सिरपुर की प्राचीन कलाकृतियाँ, धार्मिक विविधता और शिल्पकला ने उन्हें बेहद प्रभावित किया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमण जारी रखने की बात कही। साथ ही साथ प्राचार्य नें भी एतिहासिक और संस्कृतिक तथ्यों के बारें में जानकारी दी और बताया कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक अनुभव रहा।

## कौंदकेरा में विभिन्न निर्माण कार्यो का होगा भूमिपूजन, विधायक रोहित साहू करेंगे शिरकत

**फिंगेश्वर।** 20 नवंबर को ग्राम पंचायत कौंदकेरा मे विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसके मुख्यअतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे वहीं पर कार्यक्रम की अध्यक्षत जनपद अध्यक्ष श्रीमति इंद्राणी नेहरू साहू होंगी। इसी प्रकार कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति नंदनी ओंकार साहू, सभापति नंदनी कोमल ढीढी, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे एवं कोपरा के भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुरव होंगे। कार्यक्रम 20 नवंबर को आज दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच राधिका मनोज यादव एवं पंचो ने लोगो को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम को लेकर सरपंच प्रतिनिधि मनोज यदु ने बताया कि हमारे ग्राम मे भूमिपूजन एवं लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित है जिनका शुंभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू एवं अन्य अतिथियों के कर कमलों से संपन्न होगा। आप सभी आमंत्रित है।



## साहू समाज परिक्षेत्र सोरिद के चुनाव में हर पद पर हुआ निर्विरोध निर्वाचन

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** साहू समाज परिक्षेत्र सोरीद का चुनाव कार्य समस्त साहू बंधुओं की उपस्थिति में बहुत ही सुंदर व शांतिपूर्ण ढंग से जिला साहू संघ गरियाबंद के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, छ .ग. प्रदेश साहू संघ के तर्ज में परिक्षेत्र सोरीद के समस्त पद निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमे अध्यक्ष रूपसिंह साहू, उपाध्यक्ष रोहित साहू, उपाध्यक्ष पार्वती साहू, संगठन सचिव (पुरूष) जयदीप साहू संग़ठन सचिव (महिला) भान बाई साहू को सभी ने सर्वसहमति से निर्विरोध चुना।

समाज मे एकता व समरसता ही समाज के विकास का मुख्य आधार है सभी ने इस मूल्यों को महत्व देते हुए निर्विरोध करने का निर्णय लिया। वही परिक्षेत्र के कुछ व्यक्तियों द्वारा समाज मे शांति भंग करने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, जो समाज हित में नहीं है। समाज के उपस्थित लोगों ने उन सबका विरोध किया और सभी



पदाधिकारियों को निर्विरोध रूप से चुना गया। साहू समाज परिक्षेत्र सोरीद में इस ऐतिहासिक पहल के लिए सभी ने बहुत ही खुशी एवम हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई एवम शुभकामनाएं प्रेषित किये।

## मैनपुर में जिला स्तरीय मातर महोत्सव 25 को, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे शिरकत

**मैनपुर।** यादव समाज मैनपुर द्वारा प्रतिवर्श अनुसार इस वर्श भी 25 नवम्बर को तहसील मुख्यालय मैनपुर में जिला स्तरीय राउत नाचा मातर उत्सव का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल होने पहुंचेगें कार्यक्रम में सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, बिन्द्रनवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, खल्लारी विधायक द्वारिका यादव, महिला प्रकोष्ठ सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष धनमती यादव, भाजपा गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, लोकेश्वरी नेताम, नगरपालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव कोसरिया यादव समाज जिला अध्यक्ष

- यादव समाज ने शोभा यात्रा और राउत नाचा प्रतियोगिता का किया आयोजन



हेमलाल यादव, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, जमुना नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव मैनपुर सरपंच हनिता नायक, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंयका कपिल भाटीगढ़ राज प्रमुख हरिशचंद नेगी, श्री रामसेना अध्यक्ष मोहित द्ववेदी, सर्व यादव युवा प्रकोष्ठ डीके यादव विशेष रूप से शामिल होंगे।

देवारी मातर महोत्सव मैनपुर के अध्यक्ष गेंदु यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 25 नवम्बर दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे शोभा यात्र निकाली जायेगी और सहाड़ादेव चौक में राउत नाचा प्रतियोगिता के साथ समाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहलीबार यादव समाज से गजेन्द्र यादव को शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर समाज के लोगो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है इस कार्यक्रम में यादव समाज द्वारा मंत्री गजेन्द्र यादव का सम्मान किया जायेगा। श्री गेंदु यादव ने सभी समाजजनो क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### 50 से अधिक छात्रों की सक्रिय भागीदारी, पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला सम्मान

# विशेषज्ञों ने बताए गुड–बैक्टीरिया के फायदे और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस रोकने के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा फार्मेसी वीक के द्वितीय दिवस में एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं छत्तीसगढ़ के राज्यकीय गीत के द्वारा किया गया। स्वागत भाषण में आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने अपने संबोधन में कहा कि बैड बैक्टीरिया के साथ-साथ में कुछ गुड बैक्टीरिया होते हैं जो हमारे सेहत के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। प्रोबायोटिक समारे लिए लाभदायक होते है।

- आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में फार्मेसी वीक के तहत एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि पुरे विश्व में बहुत सारे माइक्रोब्स होते हैं जो हमारे समाज के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में भी लाभदायक होते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. माधवी तिवारी, (सहायक प्राध्यापक, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर ) ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से एंटीबायोटिक के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं एंटीफंगल, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरस के इफेक्ट दिन प्रतिदिन रेजिस्टेंस पावर बढ़ते ही जा रहा है उनको कैसे कंट्रोल किया जाए । बच्चों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया गया।




**50 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग :** इस कार्यक्रम का सफल संचालन दुष्यंत कुमार साहू, बी फार्मा सप्तम सेमेस्टर से किया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । पोस्टर कंपटीशन में प्रथम स्थान कोमन कंवर बी फार्मा प्रथम, द्वितीय स्थान डोमेश्वर प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान तरूण ध्रुव बी फार्मा सेवन सेमे स्टर स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम संयोजन डॉली यदु सहायक प्राध्यापक के द्वारा सर्टिफिकट प्रदान किया गया।

#### इनका रहा विशेष सहयोग

हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डां. ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, डॉली यदु , विकास कुमार साहू, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा।

#### इन्होंने दी बधाई

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एन. के. स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।